Converge International

# कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (EMPLOYEE ASSISTANCE PROGRAM)

**आपका कारस्य्थल सभी करच्म ारियों को एक व्या पक करच्म ारी सहायता कारक्र्य म (Employee Assistance Program (EAP) - ईएपी) उपलब्ध कराता है। यह सेवा आपके काम और निजी जीवन की चुनौतियि ों और मांगों को परू ा करन` म`आपकी सहायता करन` के लि ए बनाई गई है।**

आपका ईएपी आपके नयिोक्ता की एक पहल है, जो सभी कर्मचारियों को कार्यस्थल और व्यक्तगित मुद्दों से संबंधति गोपनीय परामर्श, प्रशि क्षण और समर्थन प्रदान करती है।

ईएपी पंजीकृत मन ोवैज्ञानिकों, सामाजकि कार्यकर्ता ओं, वशि`षज्ञ सलाहकारों, देहाती देखभाल सलाहकारों, करयिर प्रशि क्षकों, व्या वसायि क सलाहकारों, प्रबंधन प्रशि क्षकों इत्या दि सहति योग्य वशि`षज्ञों द्वार ा वि तिरति परामर्श सेवाओं तक पहुंच के माध्यम से अल्पकालि क सहायता प्रदान करता है।

आपका ईएपी कई प्रकार के मुद्दों और चि ंताओं के संबंध में सहायता कर सकता है, जनिम` शामि ल हैं:

- क्रोध और हि ंसा
- व्यक्तगित और कार्यस्थलीय संबंध
- करयिर और जीवन संबंधी बदलाव
- संचार संबंधी मुद्दे
- नींद और थकान
- धन प्रबंधन और कानूनी सलाह
- कार्यस्थल में परविर्तन
- पोषण संबंधी सलाह
- भावनात्मक कठनिाइयाँ
- लचीलेपन का नर्िमाण
- जुआ, नश ीली दवा, शर ाब और अन्य व्यसन
- संताप, शोक और नुकसान
- काम पर संघर्ष
- स्वा स्थ्य प्रशि क्षण
- काम के अत्यधि क बोझ का प्रबंधन करन ा
- प्रबंधकों का प्रशिक्षण
- मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे
- प्रेरणा और आत्मसम्मान

## संपर्क करें और सहायता प्राप्त करें

जब आप अपने ईएपी सेवा से संपर्क करते हैं, तब आप किसी योग्य परामर्शदाता से फोन पर, व्यक्तिगत रूप से या ऑनलाइन बात करने की व्यवस्था कर सकते हैं। निर्धारित मुलाकातें आमतौर पर काम के समय के दौरान संपन्न की जाती हैं। अगर आपको काम के समय के बाद सहायता चाहिए, तो टेलीफोन पर परामर्श और आपातकालीन सहायता उपलब्ध है।

कन्वर्ज इंटरनेशनल के कार्यालय सोमवार से शुक्रवार सुबह 9:00 बजे से 7:00 बजे शाम (AEST) तक खुले रहते हैं। संकटकालीन समर्थन, पूछताछ और बुकिंग अनुरोध के लिए काम के घंटों के बाद भी सहायता हर रोज 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध है।

आपका कार्यस्थल एक स्वतंत्र कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) तक पहुंच प्रदान करता है।

आपका ईएपी यह है:

- गुप्त
- सभी कर्मचारियों के लिए नि:शुल्क
- ऑस्ट्रेलिया भर में **1300 687 327** पर कॉल करें
- न्यूज़ीलैंड में **0800 666 367** पर कॉल करें
- 'ईएपी कनेक्ट' डाउनलोड करें - एंड्रॉइड और एप्पल के लिए कन्वर्ज इंटरनेशनल का मोबाइल ऐप!

**अधि क जानकारी**

**1300 687 327 | 0800 666 367 | +613 8620 5300**

convergeinternational.com.au | eap@convergeintl.com.au

Converge INTERNATIONAL

Converge International

# आपका स्वस्थ रहना महत्वपूर्ण है

## कर्मचारी सहायता

कई प्रकार के व्यक्तिगत और कार्य संबंधी मुद्दों के लिए सहायता और परामर्श।

## करियर सहायता

करियर नियोजन, रेज़्यूमे और नौकरी की खोज से संबंधित सलाह, साक्षात्कार कौशल, करियर संबंधी परामर्श।

## पोषण और जीवनशैली सहायता

पोषण, लचीलेपन, सावधानी, नींद, सेवानिवृत्ति और जीवन शैली में परिवर्तनों से संबंधित सलाह।

## परिवार की सहायता

परिवार के उन सदस्यों के लिए परामर्श जिन्हें व्यक्तिगत और/या जीवन शैली संबंधी चिंताओं के विषय में सहायता की आवश्यकता है।

## प्रबंधक सहायता

लोगों के प्रबंधन से संबंधित मुद्दों और नेतृत्व क्षमताओं के बारे में प्रशिक्षण और सहायता।

## मतभेद सहायता

कार्यस्थल की और व्यक्तिगत कठिन स्थितियों से निपटने के लिए रणनीतियां, उपकरण और प्रशिक्षण।

## धन सहायता

बजट बनाने, बचत करने, वित्तीय तनाव और अन्य वित्तीय चिंताओं में आपकी मदद करने के लिए टेलीफ़ोन पर वित्तीय परामर्श।

## कानूनी सहायता

परिवार संबंधी कानून, किरायेदारी/किराये पर देने, अचल संपत्ति, उपभोक्ता विवादों इत्यादि के लिए 2 सत्रों तक की विशेषज्ञ कानूनी सहायता और सलाह।

### अधिक जानकारी

1300 687 327 | 0800 666 367 | +613 8620 5300

convergeinternational.com.au | eap@convergeintl.com.au

Converge INTERNATIONAL

Converge International

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न




## ईएपी क्या है?

कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (EAP) आपके नियोक्ता की एक पहल है, जो सभी कर्मचारियों को कार्यस्थल और व्यक्तिगत मुद्दों से संबंधित गोपनीय परामर्श, प्रशिक्षण और समर्थन प्रदान करती है।

### हमारी ईएपी सेवा का उपयोग कौन कर सकता है?

सभी कर्मचारी ईएपी का उपयोग कर सकते हैं।

### मैं ईएपी परामर्श कैसे प्राप्त करूं?

आप **1300 687 327** पर कॉल करके, **www.convergeinternational.com.au** पर जाकर या ईएपी कनेक्ट स्मार्टफोन ऐप में अपॉइंटमेंट आइकन पर क्लिक करके अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं।

### मैं ईएपी सत्र तय करने के लिए कब कॉल कर सकता हूं?

हमारे कार्यालय का समय सोमवार से शुक्रवार सुबह 9:00 बजे से सायं 7:00 बजे (AEST) तक है। कुछ सेवाएं हर रोज 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध हैं, जिनमें संकटकालीन सहायता, पूछताछ और बुकिंग के अनुरोध शामिल हैं।

### मैं परामर्शदाता से कहाँ/कैसे मिल सकता हूं?

परामर्श सेवाओं को देश भर में स्थित हमारे ईएपी सलाहकारों में से किसी के द्वारा फोन पर, ज़ूम (ऑनलाइन वीडियो चैट) के माध्यम से, कन्वर्ज इंटरनेशनल के सत्रिक कार्यालयों में व्यक्तिगत रूप से या आमने-सामने बैठकर वितरित किया जाता है।

### परामर्श सेवाओं की अनुशंसा कौन कर सकता है?

आप खुद की अनुशंसा कर सकते हैं और आपका प्रबंधक भी अनुशंसा कर सकता है। स्वयं की गई सभी अनुशंसाएं पूरी तरह गोपनीय रहती हैं।

### मेरे नियोक्ता को क्या जानकारी भेजी जाती है?

कन्वर्ज इंटरनेशनल आपकी गोपनीयता का सम्मान और उसकी रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। आपके कार्यस्थल के साथ केवल वही डेटा/जानकारी साझा की जाती है जिसे एकत्रित करके उस पर से पहचान हटाई जाती है और जिसका इस्तेमाल किसी भी व्यक्ति की जानकारी को पहचानने के लिए नहीं किया जा सकता है।

### परामर्श सेवाओं के लिए भुगतान कौन करता है?

कर्मचारी ईएपी का मुफ्त उपयोग कर सकते हैं (सत्र सीमाएं लागू होती हैं)। आपके नियोक्ता द्वारा ईएपी सेवा की लागत का भुगतान किया जाता है।

### क्या परामर्श केवल कार्य-संबंधी मुद्दों के लिए उपलब्ध है?

ईएपी परामर्श तब उपलब्ध होता है जब आपको कई प्रकार के कार्यस्थल और व्यक्तिगत मुद्दों और चिंताओं के संबंध में सहायता की आवश्यकता होती है।

### क्या मैं अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में किसी से बात कर सकता हूं?

जब आप **1300 687 327** को कॉल करते हैं, तो जवाब देने वाले ग्राहक सेवा अधिकारी केवल अंग्रेजी में ही बात करेंगे। तथापि, अनुरोध करने पर, कन्वर्ज इंटरनेशनल आपके लिए ऐसे सलाहकारों की व्यवस्था कर सकता है जो अन्य भाषाएं बोल सकते हैं। ऐसी अनुवाद सेवा भी उपलब्ध है, जो आपकी अपनी भाषा में कॉल करने में सहायता कर सकती है।


**अधिक जानकारी**

**1300 687 327 | 0800 666 367 | +613 8620 5300**

convergeinternational.com.au | eap@convergeintl.com.au


Converge INTERNATIONAL